# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 14 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 30 जून 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## जेसीबी तो आई, पर सुरंग नहीं भरी – बीडीओ के आदेश भी बेअसर

### 13.31 लाख की नाड़ी पहली बारिश में फेल, पानी बह गया सुरंग से

भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी

( दिलखुश मोटीस )

गोरधा ग्राम पंचायत के चादरखेड़ा के पास मनरेगा योजना के तहत बनी नवीन नाड़ी की पहली ही बारिश ने सभी दावों की पोल खोल दी। करीब 13 लाख 31 हजार रुपये की लागत से बनाई गई यह जलसंरचना बारिश की एक झड़ी भी नहीं झेल सकी और पाल में सुरंग बन जाने से सारा पानी बह गया।

जानकारी के अनुसार, चार दिन पहले हुई तेज बारिश के बाद नाड़ी की पाल में सुरंग बन गई, जिससे इसमें भरा हुआ सारा पानी बह गया। यह नाड़ी पशुधन के लिए महत्त्वपूर्ण जलस्रोत थी, लेकिन अब खुद ही संकटग्रस्त हो गई है।



### बीडीओ ने दिए थे मरम्मत के आदेश

घटना की जानकारी पर पंचायत समिति सावर के विकास अधिकारी सी.एल. इंदौरिया ने ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए। ग्राम विकास अधिकारी किशन माली का कहना है कि ÷कल शाम जेसीबी भेज दी थी,÷ लेकिन खबर लिखे जाने तक न तो मरम्मत हुई और न ही सुरंग को भरा गया।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अगर इसी तरह ढिलाई बरती गई तो जल्द ही पूरी नाड़ी अनुपयोगी हो जाएगी और बारिश का बहुमूल्य पानी व्यर्थ बहता रहेगा।

### इनका कहना है

टूटी नाड़ी की मरम्मत के निर्देश ग्राम विकास अधिकारी को दे दिए गए हैं।

**सी.एल. इंदौरिया, विकास अधिकारी, पंचायत समिति सावर–**

जेसीबी भेज दी गई थी, मरम्मत क्यों नहीं हुई इसकी जानकारी लेकर कल स्वयं जाकर नाड़ी को ठीक करवाऊंगा।

**किशन माली, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत गोरधा**

## बनास नदी में डूबने से दो किशोर की मौत

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**(रमेश चंद्र डाड)** खेरपुरा गांव में रविवार शाम को बनास नदी में डूबने से दो किशोर की मौत हो गई। दोनो किशोर को अचेत हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां दोनों की हालत गंभीर होने पर भीलवाड़ा रैफर किए गए। थाना प्रभारी जय सुल्तान ने बताया की खेरपुरा गांव के यहां बनास नदी में नहाने के दौरान मोहम्मद अरसलान पिता आमीन लुहार उम्र 16 वर्ष निवासी गुलमंडी भीलवाड़ा और मोहम्मद मुकीम पिता अब्दुल हमीद मेव उम्र 15 वर्ष हाल मुकाम खेरपुरा निवासी हरियाणा की डूबने से मौत हो गई। शव जिला मुख्यालय अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किए गए।

## लूट का आरोपी महावीर पन्द्रह साल बाद चढ़ा पुलिस के हत्थे , दस हजार रुपये का घोषित था ईनाम




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

लूट के एक मामले में 15 साल से फरार वांछित आरोपित महावीर दास को सदर थाना पुलिस और डी एस टी ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपित पर दस हजार रुपये का इनाम भी घोषित था।

सदर थाना प्रभारी कैलाशकुमार विश्नौई ने बताया कि 18 फरवरी 2010 कों आजाद नगर निवासी जगदीश प्रसाद पुत्र रामस्वरूप पारीक ने शाम करीब 07.30 बजे हुई लूट की रिपोर्ट दी। पारीक ने बताया कि लुटेरों की संख्या दो थी और वे बाइक से आये थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर दौलतगढ़ निवासी राजू उर्फ राजमल पुत्र जगदीश खटीक को 25 फरवरी 2010 को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया था।

जबकि इसका साथी आरोपी धोडज़ी का खेड़ा रघुनाथपुरा निवासी महावीर दास 35 पुत्र श्यामदास वैष्णव की तलाश की जा रही थी। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने मुखबिर लगाये और आरोपित की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित करवाया था। आरोपित को 15 साल बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## पुलिस ने मेवात से बरामद की चोरी गई तीन भैंसें, तीन आरोपी गिरफ्तार, वारदात में काम ली गई पिकअप भी जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां

थाना पुलिस ने भैंस चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए हरियाणा के मेवात से चोरी गई तीन भैंसें बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने वारदात में उपयोग की गई पिकअप गाड़ी भी जब्त की है।

थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया की 27 जून को भूति निवासी किशोर पुत्र नंदा गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी छह भैंसें चरने गई थीं, जिनमें से दो वापस लौट आईं और चार को अज्ञात चोर चुरा ले गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि भैंसों को किसी लोडिंग वाहन में भरकर ले जाया गया था।

पुलिस ने एनएच-27 के ढाबों और टोल प्लाजा के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और एक संदिग्ध पिकअप की पहचान की गई। सीसीटीवी और रूट




मैपिंग से स्पष्ट हुआ कि उक्त पिकअप वाहन लालसोट, टोंक होते हुए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे से गुजरकर हरियाणा के झिरका-फिरोजपुर, नगीना (मेवात) पहुंचा।

बिजौलियां पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश देकर पिकअप सहित तीन भैंसें जब्त की और कालू बागरिया, बाबूलाल बागरिया और हेमराज बागरिया को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान टोंक जिले के पचेवर क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई है। भैंसों को दस्तयाब कर परिवादी को सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी दिन में सुनसान जंगलों में बिना निगरानी चरने वाले मवेशियों को चिन्हित करते हैं और उनके पैरों को रस्सी से बांध देते हैं ताकि वे ज्यादा हिल-डुल न सकें। फिर रात में मौका देखकर उन्हें पिकअप में ठूंस-ठूंस कर भर लेते हैं और बाहर राज्यों में बुचड़खानों में बेचने ले जाते हैं।

मुख्य आरोपी कालू बागरिया के खिलाफ बूंदी, जयपुर, टोंक और कोटा में पांच से अधिक गंभीर प्रकरण दर्ज हैं, वहीं बाबूलाल बागरिया और हेमराज बागरिया पर भी चोरी, नकबजनी और आरएनसी एक्ट के तहत केस दर्ज हैं। इन सभी मामलों में पुलिस न्यायालय में चार्जशीट पेश कर चुकी है।

इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह और कांस्टेबल मनीष चौधरी की विशेष भूमिका रही।

## राजस्थान में मानसून की पश्चिमी हिस्से से बेरुखी बरकरार , 10 जिलों में तूफान का अलर्ट जारी



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

प्रदेश में सक्रिय हो चुका मानसून पूर्वी राजस्थान पर खूब मेहरबान है. जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, लेकिन लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है. इस बीच मौसम विभाग ने 29 जून से 2 जुलाई तक प्रदेश के 19 जिलों के लिए नया येलो अलर्ट जारी किया है. जिसमें कोटा, बूंदी, बारां, सवाई माधोपुर,धौलपुर,उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, टोंक, जयपुर, अलवर, सवाई माधोपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़,झालावाड़, अजमेर, दौसा, और करौली शामिल है. इस के अनुसार इन जिलों में मेघगर्जन, बिजली गिरने, तेज झोंकेदार हवाओं के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है.

### अब तक औसत से 152 फीसदी ज्यादा बारिश

रविवार को अलवर, भरतपुर, दौसा, करौली, धौलपुर, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, सिरोही समेत कई जिलों में भारी बारिश हुई. सिरोही में रविवार सुबह 3.30 बजे से 4 घंटे तक भारी बारिश हुई. इसके बाद सुबह 11 बजे तक रुक-रुक कर बारिश होती रही.मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, राजस्थान में इस मानसून सीजन में अब तक औसत से 152 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है.

## गुजरात से असम जा रहा ट्रक सीकर में पलटा, सड़क पर बिखरी लाखों की टाइल्स

भीलवाड़ा फोकस @ सीकर

सीकर जिले में बाजौर के पास एक बड़ा हादसा हो गया। गुजरात से असम जा रहा टाइलों से भरा एक ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में ट्रक में लदी करीब 50 लाख की टाइलें सड़क पर बिखर गईं, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया।

स्थानीय लोगों और पुलिस के अनुसार- ट्रक के सामने अचानक एक गाय आ गई थी, जिसे बचाने की कोशिश में चालक ने तेजी से ब्रेक लगाया। इससे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद सड़क पर टाइल्स के टुकड़े बिखर गए, जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को हटाने और सड़क साफ करने का काम शुरू किया। जाम के कारण कई घंटों तक वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।






# भीलवाड़ा यूनाइटेड राउंड टेबल-184 राज्य स्तर पर और यूनाइटेड लेडीज सर्किल 96 जिला स्तरीय पर सम्मानित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में भीलवाड़ा यूनाइटेड राउंड टेबल-184 को शिक्षा क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय और प्रेरणादायक कार्यों के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। संस्था द्वारा ज्योतिनगर एवं नारायणपुरा क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं से युक्त कक्षा-कक्षों का निर्माण कराया गया, जिनमें बेंच, ब्लैकबोर्ड व अन्य शैक्षणिक संसाधन शामिल हैं। शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में यह कार्य अत्यंत सराहनीय माना गया है। इसी क्रम में, यूनाइटेड लेडीज सर्किल 96 द्वारा भी उक्त क्षेत्रों के स्कूलों में कक्षा-कक्षों के निर्माण का कार्य किया गया। इन कक्षाओं को पूर्ण शैक्षणिक सामग्री से सुसज्जित किया गया, जिसके लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा संस्था को जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान से नवाजा गया। संस्थाओं द्वारा विद्यालय विकास हेतु 50 लाख से अधिक की राशि एकत्र कर समर्पित भाव से समाज के प्रति सेवा भाव का परिचय दिया गया। जयपुर में आयोजित सम्मान समारोह में सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने इन संस्थाओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज सेवा की प्रेरणादायक मिसाल बताया। राज्य स्तर पर ये अवार्ड जयपुर मे भीलवाड़ा यूनाइटेड राउंड टेबल के अध्यक्ष मेहुल रारा और प्रोजेक्ट कन्विनियर गौरव दरक ने लिया। और जिला स्तर पर ये अवार्ड भीलवाड़ा यूनाइटेड लेडीज सर्किल अध्यक्षा मोनिका दरक और प्रोजेक्ट कन्विनियर संध्या शर्मा और राउंड टेबल के सेक्रेट्री मनीष गुप्ता ने लिया।

# पंचमुखी मुक्तिधाम की तर्ज पर करेंगे उज्जैन के श्मशान स्थलों का विकास: महापौर टटवा

## उज्जैन महापौर, पार्षदों एवं अधिकारियों ने किया मुक्तिधामों का अवलोकन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**(पंकज पोरवाल)** उज्जैन नगर निगम के महापौर मुकेश टटवाल ने भीलवाड़ा के पंचमुखी एवं शास्त्रीनगर मुक्तिधाम का अवलोकन करते हुए कहा कि पंचमुखी मुक्तिधाम की तर्ज पर उज्जैन के श्मषान स्थलों का हरियालीयुक्त विकास किया जायेगा। पंचमुखी मुक्तिधाम विकास समिति के सचिव बाबूलाल जाजू ने बताया कि दौरे का उद्देश्य भीलवाड़ा में विकसित मुक्तिधाम की हरियाली, सफाई एवं वर्षाजल संरक्षण की तकनीक का अध्ययन करना था, ताकि उज्जैन के मुक्तिधामों को भी हरियाली एवं स्वच्छतायुक्त बनाकर सुव्यवस्थित किया जा सके। जाजू ने महापौर को बताया कि किस प्रकार पंचमुखी मुक्तिधाम को केवल एक श्मशान घाट से बढ़कर एक ऐसे स्थल के रूप में विकसित किया गया है जहाँ पर्यावरण संरक्षण, सुविधा और शांति का सामंजस्य है। समिति के महासचिव लक्ष्मीनारायण डाड ने बताया कि महापौर टटवाल ने पंचमुखी मुक्तिधाम में रूद्राक्ष का पौधा भी रोंपा। भीलवाड़ा नगर निगम महापौर राकेश पाठक ने मुक्तिधाम का अवलोकन करवाते हुए काईनहाउस का भी अवलोकन भी करवाया। इस अवसर पर उज्जैन मेयर-इन-काउंसिल के सदस्य प्रकाश शर्मा, शिवेन्द्र तिवारी, कैलाश प्रजापत, योगेश्वरी राठौड़, सत्यनारायण चौहान तथा नगर निगम उज्जैन के अधिकारी प्रवीण वाडिया, अर्पित मिश्रा मौजूद थे। पंचमुखी मुक्तिधाम विकास समिति के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, कृष्णगोपाल जाखेटिया, दलपत डांगी, कृष्णगोपाल कसण्डिया, सत्यनारायण खोईवाल, चांदमल खोईवाल, मोहनलाल कसारा, सत्यनारायण समदानी ने टटवाल का शाल, खादी की माला एवं पौधा लगा गमला भेंट कर स्वागत किया। महापौर टटवाल द्वारा शास्त्रीनगर मुक्तिधाम एवं स्मृति वन का भी अवलोकन किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन पर भीलवाड़ा में विशाल रक्तदान शिविर 6 जुलाई को

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के स्थापना दिवस पर आगामी 6 जुलाई को भीलवाड़ा में एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस दिन को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए प्रदेशभर में 5000 यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है।

वैश्य फेडरेशन के युवा संभाग अध्यक्ष देवेंद्र डाणी ने बताया कि आयोजन की प्रेरणा सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रामेश्वर काबरा, महामंत्री ललित अग्रवाल और प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन से मिली है।

युवा जिला अध्यक्ष राघव कोठारी ने शिविर के लिए संयोजक लोकेश अग्रवाल एवं सह-संयोजक योगेश हेडा और मनीष बोरदिया की घोषणा की है।

यह शिविर वैश्य समाज की सेवा परंपरा को सशक्त करने के साथ समाज में मानव सेवा, जागरूकता और सहयोग का संदेश देगा। आयोजन को लेकर जिलेभर में उत्साह का माहौल है।

# भाकलिया गांव में नानी बाई का मायरा कथा: भक्त नरसी में भगवान की कृपा का साक्षात अवतार

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)**



भाकलिया गांव में आयोजित नानी बाई का मायरा कथा में पंडित दुर्गेश चतुर्वेदी ने भगवान की भक्ति और कृपा की महिमा का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि ÷भगवान की कृपा ही भक्त के रूप में अवतरित होकर संसार को भक्ति मार्ग दिखाती है। मीरा, कबीर, रविदास, मति कर्मा और मेहता नरसी जैसे भक्त इसी कृपा के प्रतीक हैं।

कथा प्रसंग में बताया गया कि जब राजा ने मेहता नरसी की परीक्षा ली, तो भगवान ने अपने गले का हार उन्हें सौंप दिया। मायरा भरने निकले नरसी जी की टूटी गाड़ी को स्वयं भगवान श्रीकृष्ण खाती बनकर सुधारने आए। निर्धनता के कारण नरसी जी को झोपड़ी में ठहराया गया और बासी भोजन परोसा गया, लेकिन भगवत्कृपा से वह भोजन ताजे पकवान में बदल गया। नानी बाई के ससुराल पक्ष द्वारा नरसी जी का अपमान और तिरस्कार करने के बावजूद उनकी करुण पुकार पर द्वारकाधीश योगनिद्रा से जागकर राधा-रुक्मणी के साथ मायरा भरने नगर अंजार पधारे।

यह तीन दिवसीय आयोजन रावला चौक में भाकलिया निवासी अभयसिंह जी की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में रखा गया है। कथा से पूर्व मंदिर से बैंड-बाजे के साथ भगवान का विमान व कलश यात्रा धूमधाम से कथा पंडाल तक लाई गई।

कथा का शुभारंभ अक्षत चतुर्वेदी द्वारा गणेश वंदना से किया गया। भजनों ÷मीठी-मीठी मेरे सांवरे की मुरली बाजे÷ और ÷देखो जी नरसी को महतो मायरो ले जावे रे÷ पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे।

कथा में अडसीपुरा, अंकोला, जीवा का खेड़ा, गेंदलिया सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ब्राह्मणजन भाग ले रहे हैं।

# माली महासभा ने किया जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल सांखला का भव्य स्वागत-सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के संरक्षक एवं महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल सांखला (मोतीबाबा) के एक दिवसीय भीलवाड़ा आगमन पर माली समाज ने भव्य स्वागत किया।

जिला महामंत्री सत्यनारायण गुलगांवा ने बताया कि सांखला के साथ कई जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी भी भीलवाड़ा पहुंचे। प्रदेश महामंत्री गोपाललाल माली और जिला अध्यक्ष भैरूलाल माली के नेतृत्व में समाज के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उन्हें माल्यार्पण कर सम्मानित किया। मोतीलाल सांखला यहां महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री एवं नगर निगम महापौर के पीए हरनारायण माली द्वारा आयोजित धार्मिक समारोह में भाग लेने आए थे। इस दौरान उन्होंने समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि माली समाज को राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाकर समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर माली-सैनी कर्मचारी संस्थान के अध्यक्ष तोताराम सांखला, सचिव कन्हैयालाल बुलिवाल, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार माली, फूले सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष शंकर गोयल, नानूराम गोयल, कैलाश भभीवाल, बंशीलाल माली, दिनेश माली, लक्ष्मण सरिवाल, सोशल मीडिया प्रभारी रोशन गढ़वाल, पवन सैनी, आयुष सैनी, प्रकाश चंद्र माली, लालाराम माली, भैरूलाल रागस्या सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# सूर्य महल मे हुआ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य शुभारंभ

## सिद्धेश्वर महादेव से निकली भव्य विशाल कलश शोभायात्रा - पहले दिन कथा में बताया भागवत का महत्व

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा**





शहर के शास्त्रीनगर स्थित सुर्य महल मे भक्ति और श्रद्धा के अद्भुत संगम का साक्षी बना। शास्त्रीनगर निवासी काबरा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य शुभारंभ भव्य विशाल कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। मेन सेक्टर शास्त्री नगर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा निकली। अपने सिर पर सजे मंगल कलशों को धारण किए, महिलाएं भक्तिमय भजनों की मधुर धुनों पर थिरकती हुई कथा स्थल की ओर आगे बढ़ीं। जो मुख्य मार्ग होते कथा स्थल सूर्य महल पहुंची। बेंड बाजो के साथ निकली शोभा यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस दिव्य यात्रा के दौरान वातावरण पूरी तरह से भक्ति और श्रद्धा के रस में डूबा हुआ था। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे भगवान कृष्ण के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया था। कथा के प्रारम्भ मे आयोजक परिवार के कैलाश चंद्र, सुरेश चंद्र, अशोक, सत्यनारायण, गोपाल, राधाकिशन, ललित, पवन, निर्मल, अमित, मयंक, रवि काबरा ने आरती की। कथावाचक रामस्नेही संत अर्जुनराम महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से भागवत महात्म्य का सारगर्भित वर्णन किया। उन्होंने भागवत कथा के प्रथम दिन भागवत का महात्मा वर्णन करते हुए भगवान स्वरूप का परिचय, भगवान के कार्य का परिचय, एवं भगवान के स्वभाव का परिचय देते हुए कहा की मनुष्य का जीवन ही प्रतिक्षण परमात्मा से ही चल रहा है बिना भगवान के सहायता के आधेक्षण के लिए भी मानव जीवित नहीं रह सकता है। संत अर्जुनराम जी ने कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि यह न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि जीवन को सही दिशा और परम आनंद की ओर ले जाने का एक दिव्य मार्ग है। भगवान की कथा सृष्टि नहीं बदलती है, सृष्टि को देखने की दृष्टि बदल देती है। इसके साथ ही इसके अनगिनत लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। यह कथा प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगी ।

QUICK BITES

## प्रतिष्ठित 29वें भामाशाह सम्मान समारोह में हिन्दुस्तान जिंक को 6 पुरस्कार

### शिक्षा विभूषण सम्मान के साथ रामपुरा आगुचा माइन का प्रदेश में तीसरा स्थान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड को 29वें भामाशाह सम्मान समारोह में 6 इकाईयों को सम्मानित किया गया। भामाशाह पुरस्कार हिन्दुस्तान जिंक़ के रामपुरा आगुचा माइन, चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर, जावर माइन्स, राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स, जिंक स्मेल्टर देबारी को शिक्षा विभूषण एवं कायड माइन को शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक योगदान के लिए शिक्षा भूषण प्रदान किया गया। यह लगातार 10वां वर्ष है जब राजस्थान सरकार ने परिवर्तनकारी शैक्षिक पहलों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए हिंदुस्तान जिंक को सम्मानित किया है। कंपनी ने 2017 से विभिन्न शिक्षा हस्तक्षेपों में 430 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जिससे सालाना 2 लाख से अधिक बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। यह पुरस्कार माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के तक्षशिलाा सभागार में आयोजित पुरस्कार समारोह में माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, प्रमुख सचिव शिक्षा कृष्ण कुणाल, विशिष्ट गणमान्य व्यक्ति विश्व मोहन श्रीवास्तव, सीताराम जाट, अनुपमा जोरवाल ने यह पुरस्कार दिये। जिसे हिन्दुस्तान ज़िंक की इकाइयों रामपुरा आगुचा माइन के आइबीयू सीईओ राममुरारी, चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर के यूनिट हेड अमित सुराणा, दरीबा स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स के आइबीयू सीईओ बलवंत सिंह राठौड, जावर माइंस के आइबीयू सीईओ अंशुल खण्डेलवाल, देबारी ज़िंक स्मेल्टर के हेड ऑपरेशंस मुकेश कुमार एवं कायड माइंस के मान मैनेजर अंकुर माण्डावत एवं सीएसआर टीम ने प्राप्त किया। विगत आठ वर्षों में, हिन्दुस्तान ज़िंक ने शिक्षा के क्षेत्र में सीएसआर के तहत् सामाजिक विकास में 430 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जिसमें बुनियादी ढांचे के उन्नयन पर 80 करोड़ रुपये  जिनमें कक्षा कक्षों का निर्माण, शौचालय, खेल के मैदान, पीने के पानी की सुविधाएं और विद्युतीकरण और दीर्घकालिक शिक्षा प्रयासों हेतु 350 करोड़ रुपये शामिल हैं। इनमें नंद घर जो कि आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक बचपन की देखभाल शामिल है, शिक्षा संबल, ग्रामीण छात्रों व शेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा जीवन तरंग,उच्च शिक्षा हेतु ऊंची उड़ान, ग्रामीण बलिकाओं के लिए उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना और कंपनी-संचालित स्कूलों के लिए सहयोग शामिल हैं। हिन्दुस्तान ज़िंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने इस उपलब्धि पर कहा कि, हमारा मानना है कि शिक्षा सशक्त समुदायों के निर्माण के लिए सबसे मजबूत नींव है। प्रतिवर्ष भामाशाह पुरस्कार प्राप्त करना शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे स्थायी प्रभाव और राजस्थान भर के स्कूलों, शिक्षकों और परिवारों के साथ हमने जो साझेदारी विकसित करने का प्रमाण है। हिन्दुस्तान ज़िंक हमेशा अपने समुदायों के साथ है और उनकी जरूरतों को प्राथमिकता दी है, यह पुरस्कार हमारे लोगों और राज्य के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हिन्दुस्तान जिंक के शिक्षा कार्यक्रम से प्रतिवर्ष  2 लाख से अधिक बच्चें लाभान्वित हो रहे हैं, जिसका स्कूल नामांकन, विशेष रूप से किशोर बालिकओं के विद्यालय से जुड़ाव, आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में सीखने के परिणामों पर उल्लेखनीय प्रभाव हुआ है। राज्य में कक्षा 10वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 2007 में 47 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 93.6 प्रतिशत हो गया है, जिसमें बालिकाएं लगातार बालकों का से बेहतर प्रदर्शन रहा हैं। हिंदुस्तान जिंक का शिक्षा संबल कार्यक्रम ग्रामीण राजस्थान में वंचित बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच में सुधार के लिए और अधिक प्रयास करते हुए, कंपनी ने हाल ही में राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें अगले पांच वर्षों में प्रदेश में शैक्षिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 36 करोड़ रुपये का निवेश होगा। हिंदुस्तान जिंक के प्रयासों में  शिक्षा के साथ ही ग्रामीण महिलाओं और किसानों का उत्थान, स्वास्थ्य सेवा, जल संरक्षण को बढ़ावा देकर, स्वच्छता,  बुनियादी ढांचे में सुधार और स्थायी आजीविका के लिए भी कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। इन पहलों ने सामूहिक रूप से 2,300 से अधिक गांवों में 23 लाख से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। हिन्दुस्तान जिंक भारत के शीर्ष 10 सामाजिक रूप से जिम्मेदार कॉर्पोरेट्स में शामिल है जो कि नवाचार, सशक्तिकरण और पर्यावरणीय प्रबंधन प्रमुखता के साथ मजबूत और समावेशी राजस्थान के निर्माण के लिए समर्पित हैं।

## बिजौलियां को मिला नया सीबीईओ, शिक्षा विभाग को मिलेगी पूर्णकालिक सेवाएं

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां

लगभग दो वर्षों से रिक्त चल रहे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के पद पर अब स्थायी नियुक्ति हो गई है। इससे शिक्षा विभाग को पूर्णकालिक अधिकारी की सेवाओं का लाभ मिलेगा। अगस्त 2023 से यह पद रिक्त था, जिसका अतिरिक्त प्रभार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजौलियां के प्रधानाचार्य दिलीप सिंह के पास था। अब 20 जुलाई को निदेशालय द्वारा जारी सूची में अलवर जिले के नवलपुरा विद्यालय के प्रिंसिपल मालीराम यादव को इस पद पर पदोन्नति दी गई है। यादव मूलतः जयपुर जिले के निवासी हैं और नए सत्र की शुरुआत में कार्यभार संभालने की संभावना है। वर्तमान में कार्यरत दिलीप सिंह ने नये सीबीईओ के पदस्थापन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे विभाग को सकारात्मक दिशा में मजबूती मिलेगी।

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का भाजपाइयों ने किया स्वागत अभिनंदन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के भीलवाड़ा आगमन के अवसर पर स्थानीय सर्किट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं सांसद दामोदर अग्रवाल के सान्निध्य में स्वागत अभिनंदन किया।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को पगड़ी एवं केसरिया दुपट्टा पहनाकर स्वागत कर भाजपा कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। उन्हें श्रीनाथजी की तस्वीर भी भेंट की गई।देवनानी ने विधानसभा में पेपरलेस कार्यवाही सहित किए गए नवाचारों की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, जिला मंत्री गोपाल तेली, जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, जिला मीडिया प्रभारी महावीर समदानी, जिलाध्यक्ष प्रवास प्रमुख मनोज बुलानी, जिला सोशल मीडिया संयोजक अजित केसावत, सहसंयोजक आकाश मालावत, ऋतु शेखर शर्मा, नागेन्द्र सिंह राव, रामपाल चौधरी, शशांक बिड़ला, सागर माली, तरुण सोमानी, दिनेश माली सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# भीलवाड़ा में आनंदपाल सिंह सांवराद की आठवीं पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर, 262 यूनिट रक्त संग्रहित

भीलवाड़ा फोकस @ माल का खेड़ा

(सोराज सिंह)

स्वर्गीय आनंदपाल सिंह चौहान सांवराद की आठवीं पुण्यतिथि पर राजस्थान भर में आयोजित रक्तदान शिविरों की श्रृंखला के अंतर्गत भीलवाड़ा के गायत्री आश्रम सामुदायिक भवन में रविवार को आनंदपाल अपघात सेवा समिति भीलवाड़ा के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर में रावणा राजपूत समाज के सिरमौर मंजीतपाल सिंह सांवराद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज संरक्षक कोठाज सरपंच गोपाल सिंह कानावत, आनंद परिवार सेवा समिति के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान गुड्डा, आनंदपाल अपघात सेवा समिति के जिलाध्यक्ष हरिकिशन सिंह कानावत, तथा जेतगढ़ सरपंच महावीर सिंह लांबा विशिष्ट अतिथि रहे।

शिविर में स्वर्गीय आनंदपाल सिंह के छोटे भाई मंजीतपाल सिंह ने भी उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

नरेंद्र सिंह गुड्डा ने बताया कि शिविर में 262 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसमें भीलवाड़ा जिले के तीन ब्लड बैंकों की टीमों ने भाग लिया।

समिति अध्यक्ष हरिकिशन सिंह कानावत ने बताया कि आयोजन के दौरान समाज की प्रतिभाओं, रक्तदाताओं और भामाशाहों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। शिविर में सर्व समाज के रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, वहीं समाज के विभिन्न संगठनों के वर्तमान व पूर्व पदाधिकारी, भामाशाह एवं वरिष्ठजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष देवनानी रहे भीलवाड़ा जिले के दौरे पर

### हरी सेवा उदासीन आश्रम में गुरूओं के चार दिवसीय वार्षिक उत्सव में श्री देवनानी हुए सम्मिलित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा


राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे 7 विधानसभा अध्यक्ष हरिसेवा उदासीन आश्रम पहुंच कर सतगुरूओं के दर पर संतो-महापुरूषो का आशीर्वाद प्राप्त किया। हरिसेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर भीलवाड़ा में आराध्य सतगुरूओं के चार दिवसीय वार्षिक उत्सव के अन्तर्गत अन्तिम दिन रविवार को बाबा गंगाराम साहब जी की 29वीं वार्षिक बरसी हर्षोल्लास और आनंदपूर्वक मनाई गई जिसमे श्री देवनानी ने भाग लिया।

राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष श्री देवनानी ने उद्बोधन में कहा कि परिवार में श्रीराम चरित्र मानस और गीता अवश्य होनी चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी चरित्रवान और संस्कारवान बनेगी। साथ ही उन्होंने विधानसभा में बनवाई गई संविधान गैलेरी और अजमेर शहर में अंग्रेजो व मुगलकालीन स्थानो के नामो को सनातन संस्कृति संबंधित से प्रतिस्थापित करने संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में राष्ट्र, धर्म व समाज हित में सदैव दान की प्रवृत्ति बनी रहनी चाहिए। दान से ही जीवन में शान्ति और आनन्द की प्राप्ति होती है। भारत विश्व गुरू था, विश्व गुरू है एवं विश्व गुरू बना रहेगा, यह सनातन की शक्ति ही है। यह विचार महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने गुरूओं के वार्षिक उत्सव के अवसर पर प्रकट किये। उन्होंने भजन बाबा हरिराम बाबा शेवाराम बाबा गंगाराम तुहिंजे दर ते झले बिठा आहियूं झोली प्रस्तुत करते हुए अपने सतगुरूओं की महिमा का बखान किया और कहा कि उन्होंने दान से प्राप्त राशि को सदैव ही धर्म, राष्ट्र एवं परोपकारी कार्यो में ही लगाया।

इसके अतिरिक्त आश्रम के संत मयाराम, संत गोविन्दराम, बालक इन्द्रदेव, सिद्धार्थ, कुणाल व मिहिर ने भी स्वामी जी के सान्निध्य में अपने सतगुरूओं का गुणगान किया।

प्रातःकाल श्रद्धालुओं ने सतगुरूओं की समाधियों, धूणा साहब, आसण साहब, झण्डा साहब, श्री हरि सिद्धेश्वर मंदिर पर पूजन अर्चन कर शीश निवाया। हवन यज्ञ में संतो ने आहूतियां दी। अखण्ड पाठ सम्पूर्ण होने पर भोग साहिब पड़ा। श्री श्रीचंद्र मात्रा साहब वाणी का वाचन हुआ। अन्न क्षेत्र की सेवा सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर बाहर से पधारे हुए उज्जैन के श्रीमहंत आत्मदास उदासीन, अजमेर के श्रीमहंत स्वरूपदास उदासीन, पुष्कर के श्रीमहंत हनुमानराम उदासीन, किशनगढ़ के महंत श्यामदास, सुल्तानपुर के लक्खी साईं, गांधीधाम के संत दर्शनदास, राजकोट के स्वामी अमरलाल, इन्दौर के स्वामी मोहनदास संत संतदास चंदन, अजमेर के स्वामी ईश्वरदास, स्वामी अर्जुनदास, स्वामी आत्मदास एवं उदासीन निर्वाण मण्डल के अनेक संत महात्माओं ने संगत को दर्शन लाभ प्रदान किया।





# जीतो हाउस पहुंचे महासाध्वी कुमुदलताजी,प्रभु पार्श्वनाथ की मंगल आराधना संग दिया धर्म संदेश

**महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. का चातुर्मासिक भीलवाड़ा नगर प्रवेश**





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

श्रमण संघीय जैन दिवाकरीय मालव सिंहनी पूज्या श्री कमलावतीजी म.सा. की सुशिष्या अनुष्ठान आराधिका पूज्य महासाध्वी डॉ. श्री कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा 4 के पावन चरण आगामी चातुर्मास के लिए रविवार सुबह भीलवाड़ा की धरा पर पड़े तो आस्था व भक्ति से ओतप्रोत श्रावक-श्राविका उमड़ पड़े। सुबह माण्डल से विहार कर अजमेर रोड स्थित श्री जैन दिवाकर धाम में दर्शन करते हुए सुखाड़िया नगर स्थित चौधरी डांगी जीतो हाउस पहुंचे जहां साध्वी मण्डल के सानिध्य में प्रभु पार्श्वनाथ का जाप कर मंगल आराधना की गई। आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति सुभाषनगर के तत्वावधान में होने वाले चातुर्मास के लिए अनुष्ठान आराधिका महासाध्वी डॉ.कुमुदलताजी म.सा.,स्वर साम्राज्ञी महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा., वास्तुशिल्पी साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा.,विद्याभिलाषी साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. आदि ठाणा का भीलवाड़ा नगर प्रवेश सोमवार सुबह 7 बजे जीतो हाउस से कांचीपुरम आदिनाथ जैन स्थानक तक विहार से होगा। कांचीपुरम में सुबह 9 बजे से महासाध्वी वृन्द के प्रवचन होंगे। महासाध्वी मण्डल का सुभाषनगर स्थानक में चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 8 जुलाई को होगा। जीतो हाउस पहुंचने पर महासाध्वी मण्डल द्वारा सर्व मंगल व सुख शांति की कामना से प्रभु प्रार्श्वनाथ का मंगलकारी जाप सम्पन्न कराया गया। इस आयोजन में शामिल होने के लिए जीतो सदस्यों के साथ भीलवाड़ा जैन समाज के हर वर्ग से श्रावक-श्राविकाएं पहुंचे थे। महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. ने जीतो हाउस में पहली बार आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बहुत साताकारी स्थान है जहां पॉजीटिव एनर्जी का संचार हो रहा है। प्रभु पार्श्वनाथ की मंगल आराधना ने इस स्थान पर ओर अधिक पवित्र उर्जा का संचार कर दिया है। उन्होंने जीतो द्वारा समाज में शिक्षा के प्रसार, सेवा कार्य एवं आर्थिक समृद्धि बढ़ाने के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि भीलवाड़ा चातुर्मास की घड़ी नजदीक आ गई है ओर सभी को अधिकाधिक धर्म साधना का लक्ष्य रखते हुए इससे जुड़ना है। समारोह में सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि भीलवाड़ावासियों का सौभाग्य है कि उसे पूज्य कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा जैसे साध्वी मण्डल का चातुर्मास प्राप्त हुआ है। उनका सानिध्य शहरवासियों के लिए सुख और सौभाग्य में अभिवृद्धि करेगा। भीलवाड़ा जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन ने कहा कि महासाध्वी मण्डल के सानिध्य में जिस सुखद आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति हो रही उसका जितना लाभ प्राप्त किया जाए कम होगा। जीतो एपेक्स वाइस चेयरमैन एवं चातुर्मास समिति के संयोजक महावीरसिंह चौधरी ने जीतो हाउस परिसर में साध्वी मण्डल का अभिनंदन करते हुए कहा कि भीलवाड़ावासी भाग्यशाली है कि देश के प्रमुख महानगरों में असीम आध्यात्मिक उर्जा का संचार करने वाली महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. का चातुर्मास उन्हें प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि जीतो के माध्यम से समाज की उन प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म मिला है जो आर्थिक मजबूरियों से देश-विदेश के प्रमुख संस्थानों में उच्च तकनीकी व पेशेवर शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते है। समारोह के प्रारंभ में अनुष्ठान आराधना से पूर्व नवकार मंत्र चौकी की विधिपूर्वक स्थापना की गई। संचालन जीतो भीलवाड़ा चैप्टर के चीफ सैकेट्री मनीष शाह ने किया। समारोह में समारोह में जोधपुर जिला सत्र न्यायाधीश पूरणमल शर्मा,जीतो भीलवाड़ा चैप्टर चेयरमैन मीठालाल सिंघवी, पूर्व चेयरमैन सुशीलकुमार डांगी, आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति के अध्यक्ष दौलतमल भड़कत्या, सचिव राजेन्द्र सुराना, सुभाषनगर श्रीसंघ के अध्यक्ष हेमन्त कोठारी, शांतिभवन श्रीसंघ के अध्यक्ष राजेन्द्र चीपड़, कंवरलाल सूरिया, नवरतनमल बम्ब, राजेन्द्र गोखरू, राजेन्द्र पोखरना, मनोहरलाल सूरिया, लेडिज विंग चेयरपर्सन नीता बाबेल, चीफ सैकेट्री अर्चना पाटोदी, वाइस चेयरपर्सन नीतू चौरड़िया, सचिव अमिता बाबेल, पुष्पा गोखरू,मंजू पोखरना,सुनीता झामड़, लाड़ मेहता, अजय जैन, अर्पित चौधरी, सिद्धार्थ अजमेरा, निश्चल जैन, जयकुमार पाटनी, निर्मल गोखरू, ललित दोसी, ललित अजमेरा, प्रदीप सांखला,सुनील नाहर, प्रतीक कावड़िया, पवन जैन, अनिल पाटनी, अनिल चौरड़िया, आशीष भड़कत्या,महावीर कच्छारा, वनिता बाबेल,रजनी सिंघवी,ऋतु चौधरी,प्रमिला गोखरू,सोनल मेहता,सुमन लोढ़ा,पलक भड़कत्या,प्रीति सुराना,निर्मला भड़कत्या,अनुराधा चौधरी सहित सैकड़ो श्रावक-श्राविकाएं मौजूद थे।

### श्रमण आरोग्यम के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

जीतो हाउस में अनुष्ठान आराधिका महासाध्वी डॉ.कुमुदलताजी म.सा. के पावन आगमन के अवसर पर श्रमण आरोग्यम योजना के तहत महासाध्वी मण्डल के सानिध्य में अरिहन्त हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच भी की गई। श्रमण आरोग्यम कन्वीनर मंजू पोखरना, को-कन्वीनर सुनीता झामड़ आदि की देखरेख में इस दौरान ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर व हिमोग्लोबिन की जांच की गई। सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई।

### श्री दिवाकर धाम पहुंच किए पावन स्थल के दर्शन

अनुष्ठान आराधिका पूज्य महासाध्वी डॉ. श्री कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा 4 रविवार सुबह माण्डल चौराहा से विहार करके जीतो हाउस पहुंचने से पूर्व अजमेर रोड स्थित श्री जैन दिवाकर धाम पहुंचे। यहां साध्वी वृंद ने संथारा साधिका महासाध्वी चरणप्रज्ञाजी म.सा.के पावन स्थल के दर्शन वंदन किए। यहां प्रार्थना के माध्यम से जिनशासन की भक्ति की गई। महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने जैन दिवाकर धाम को साताकारी स्थान बताते हुए निरन्तर धर्म आराधना करते रहने की प्रेरणा दी। महिला मण्डल की लाड़जी मेहता,सुमित्रा बोथरा,शकुन्तला बोहरा आदि ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सुश्रावक प्रकाशचन्द्र बाबेल ने जैन दिवाकर चौथमलजी म.सा. को समर्पित भजन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर श्री जैन दिवाकर धाम संस्था के अध्यक्ष सुरेन्द्र मेहता, मंत्री राजेन्द्र सामर, वरिष्ठ सुश्रावक सुरेन्द्रसिंह सुराना,मदनलाल सिपानी, मनोज मेहता आदि ने साध्वी मण्डल का स्वागत अभिनंदन किया। विहार यात्रा में बिजयनगर पालिकाध्यक्ष अनिता मेवाड़ा, आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति के सचिव राजेन्द्र सुराना, संग्रामसिंह आंचलिया, पुखराज धमाणी, हेमन्त बाबेल, मनीष सेठी, प्रदीप पारख, गौरव सुराणा सहित भीलवाड़ा,बिजयनगर व गुलाबपुरा के कई श्रावक-श्राविकाओं ने सेवाएं दी।

**QUICK BITES**

## पगड़ी, साफा व धोती मेवाड़ की संस्कृति, परम्परा एवं सामाजिक मूल्यों को दर्शाती हैः मदन खटोड़

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



वरिष्ठ नागरिक मंच (संस्थान) ने पगड़ी, साफा बांधना व धोती पहनना सीखाने का एक अनूठा शिविर लगाकर हमारी भारतीय संस्कृति व परम्परा को जीवित रखने में बहुत बड़ा योगदान दिया हे ओर एक सराहनीय कार्य किया है। यह विचार प्रसिद्ध बहुरूपिया एवम पद्मश्री पुरुस्कार से सम्मानित जानकीलाल भांड ने वरिष्ठ नागरिक मंच संस्थान के साफा व धोती पहनने के सप्त दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नागरिक भवन पर व्यक्त किये। अध्यक्ष मदन खटोड़ ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि पगड़ी, साफा व धोती मेवाड़ की संस्कृति, परम्परा व सामाजिक मूल्यों को दर्शाती है। ऐसे शिविर समाज व नई पीढ़ी को हमारी परंपरा व संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जानकी लाल जी भांड को पद्मश्री पुरुस्कार मिलने से भीलवाड़ा का मान बढ़ा है। नरेंद्र कुमार वर्मा नरेन, मनोहर लाल कुमावत, ओमप्रकाश छीपा उज्ज्वल ने भी अपने विचार रखते हुए शिविर को बहुत ही उपयोगी बताया। मीडिया प्रभारी गोविंद प्रसाद लढ़ा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि जानकी लाल भांड का तिलक , माला व पगड़ी पहनाकर व मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया। साथ ही प्रशिक्षक प्रसिद्ध मूर्तिकार भीमसिंह भाटी मेजा का भी पगड़ी माला उपरना एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। संयुक्त महासचिव कैलाश चंद्र सोमानी ने कार्यक्रम का संचालनंबकरते हुए बताया कि कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा शिविर में सीखी गई कलाओं का प्रदर्शन किया गया, जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम प्रभारी राजकुमार अजमेरा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कैलाश चंद्र पुरोहित, उमाशंकर शर्मा, भवानीशंकर शर्मा, प्रमोद कुमार तोषनीवाल, ओमप्रकाश लढ़ा, मूलचन्द बाफना, श्यामलाल शर्मा, अशोक कुमार डाड, श्याम लाल तिवाड़ी, कैलाश चंद्र पाटनी, डॉ कैलाश पँवार, दिनेश भट्ट, अनिल माहेश्वरी, शिवदयाल अग्रवाल, जगदीश गगरानी, देवेन्द्र न्याति, जतन हिंगड़, संगीता अग्रवाल, संतोष तम्बोली उपस्थित थे।

' भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# हरी शेवा उदासीन आश्रम में गुरुओं के चार दिवसीय वार्षिक वर्सी उत्सव का समापन, बाबा गंगाराम साहब की 29वीं वर्सी श्रद्धा और उल्लास से मनाई गई

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

( पेसवानी )

भीलवाड़ा स्थित हरी शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में चार दिवसीय वार्षिक वर्सी उत्सव का समापन रविवार, 29 जून को सतगुरु बाबा गंगाराम साहब जी की 29वीं वार्षिक वर्सी के साथ श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में देशभर से संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं व गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दान, धर्म और परोपकार ही मानव जीवन का मूल आधार हैं। उन्होंने बताया कि बाबा हरिराम, शेवाराम और गंगाराम जैसे संतों ने सदैव धर्म व समाज के लिए समर्पित भाव से कार्य किया। इसी दौरान उन्होंने अपने सतगुरुओं की महिमा का गुणगान करते हुए भजन ÷तुहिंजे दर ते झले बिठा आहियूं झोली÷ प्रस्तुत किया और बताया कि आश्रम के तीन ब्रह्मचारी - इंद्रदेव, कुणाल और सिद्धार्थ - को शीघ्र ही उदासीन परंपरा के अनुसार दीक्षा दी जाएगी। इसी समारोह में युवाचार्य उत्तराधिकारी की घोषणा भी की जाएगी।

इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी आश्रम पहुंचे। उन्होंने गुरुओं की समाधियों पर मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया और कहा कि हर परिवार में रामायण व गीता जैसे ग्रंथ होने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी संस्कारित और चरित्रवान बन सके। उन्होंने अजमेर में बने संविधान गैलेरी और स्थानों के नामों में किए गए सनातनी परिवर्तन की जानकारी भी साझा की। आश्रम में पधारे देश के



विभिन्न हिस्सों से संतों ने भजनों और प्रवचनों के माध्यम से गुरु महिमा का बखान किया। अजमेर से स्वामी ईश्वरदास ने बाबा इतनी कृपा मैं तेरी पाता रहूं÷, गांधीधाम से स्वामी दर्शनदास ने ÷गुरूवर मेरा ये जीवन अब तो संवार देना, किशनगढ़ से महंत श्यामदास ने हीय मंदर आ गुरूदेव, अजमेर से श्रीमहंत स्वरूपदास ने ÷तोंसा रहजी अचें मुहंजा साईं, तथा स्वामी अर्जुनदास ने संत सचारा ओ भीलवाड़ा वारा जैसे भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किए।

प्रातःकाल में श्रद्धालुओं ने धूणा साहब, आसण साहब, झंडा साहब व समाधि स्थल पर पूजा-अर्चना की। संतों द्वारा यज्ञ-हवन किया गया। अखंड पाठ पूर्ण होने के बाद भोग साहिब अर्पित किया गया व श्री श्रीचंद्र मात्रा साहब की वाणी का वाचन हुआ। अन्न क्षेत्र की सेवा तथा आम भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में श्रीमहंत आत्मदास (उज्जैन), श्रीमहंत स्वरूपदास (अजमेर), श्रीमहंत हनुमानराम (पुष्कर), महंत श्यामदास (किशनगढ़), लक्खी साई (सुल्तानपुर), संत दर्शनदास (गांधीधाम), स्वामी अमरलाल (राजकोट), स्वामी मोहनदास (इंदौर), संतदास चंदन (इंदौर), स्वामी आत्मदास, स्वामी ईश्वरदास व स्वामी अर्जुनदास सहित अनेक संतों ने संगत को दर्शन दिए। सायंकालीन सत्र में श्रद्धालुओं ने गुरुओं की समाधियों पर चादर व वस्त्र अर्पित किए। बाहर से आए सांस्कृतिक भजन गायकों ने भजन प्रस्तुत किए। सामूहिक प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने विश्व शांति, सनातन धर्म की रक्षा व सर्वजन कल्याण की कामना की। इस भव्य आयोजन में पंचमुखी दरबार के महंत लक्ष्मणदास त्यागी, संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी जी, पंडित मुरारी शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रविंद्र जाजू, सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी, रमेश मूंदड़ा, कैलाश सोनी, रामनाथ योगी, बलदेव आचार्य, जयकांत पत्रिया, शाहपुरा सिंधी पंचायत के प्रतिनिधि, हरि शेवा आश्रम के ट्रस्टी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन मौजूद रहे।

समारोह के सफल आयोजन पर सतगुरुओं का आभार प्रकट किया गया। अगला आयोजन 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बाबा शेवाराम साहब का मासिक प्राकट्य उत्सव होगा, जिसमें भी श्रद्धालुजन सम्मिलित होकर श्रद्धा व भक्ति से पूजन-अर्चन कर भंडारा प्रसादी ग्रहण करेंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890